SAMARPAN

# परिवार पथ

*Grow Together, One Culture, One Goal.*




www.samarpanjharkhand.org

Samarpan

# Table of Contents


- Welcome Message
- Vision & Mission
- Core Values
- Org Culture
- Enriching Collective Thinking: Samarpan's Collaborative Work Approach
- Employee Rights & Responsibilities
- Working Hours & Attendance
- Compensation, Benefits & Facilities
- Meet The team
- Meet the Board of Trustee
- Thank You

Samarpan

# Welcome Message



S*amarpan* **परिवार पथ** आपको सौपते हुए हमें ख़ुशी हो रही है. यह केवल एक पुस्तिका नहीं, बल्कि हमारे साझा मूल्यों, विश्वास और प्रतिबद्धता का आईना है. हम सभी एक परिवार की तरह हैं, जहाँ हर सदस्य की भूमिका महत्वपूर्ण है. हम सभी आपसी सम्मान, सहयोग और पारदर्शिता के साथ एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए कार्यरत हैं. हमारा उद्देश्य केवल कार्य करना नहीं, बल्कि साथ मिलकर सीखना, बढ़ना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है.

यहाँ आपको संस्था के मिशन, मूल्यों और कार्य-प्रणालियों की झलक मिलेगी और आप स्वयं को भी देख पाएंगे.

हमारा मानना है कि संगठन तभी प्रगति करता है, जब इसके हर सदस्य को सम्मान, सुरक्षा और विकास के अवसर मिलते हैं. इसी सोच के साथ हम अक्सर "साथ बढ़ें, एक संस्कृति, एक संकल्प" की भावना में जीते हैं. यह पथ हमें एकजुट रखता है, हमारे उद्देश्य को स्पष्ट करता है और हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कार्यों से समाज में बदलाव की ज्योत जलाएँ.

आइए, इस पथ पर हम एक संकल्प, एक संस्कृति और एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें और मिलकर इस सफ़र को सार्थक, सफल और यादगार बनाएं.

स्नेह सहित,<br>
इन्द्रमणि साहू




# Vision & Mission

## Vision

To build an egalitarian society that upholds freedom and justice, enriched with values of love, prosperity, and happiness for all.

## Mission

To organize and empower exploited and oppressed communities, enabling them to control natural resources and promote decentralization. We aim to foster self-rule, self-reliance, and active participation of children, youth, and people (CYP) in creating an egalitarian society. This society will be grounded in freedom and justice, enriched by the values of love, prosperity, and happiness.



Samarpan

# Core Values
# (मूल्य-आधार)

हमारे लिए मूल्य केवल शब्द नहीं, बल्कि हमारे हर कार्य और निर्णय की नींव हैं. यही मूल्य हमें एकजुट रखते हैं, दिशा देते हैं और हमारे सफ़र को सार्थक बनाते हैं. हमारे कुछ मूल्य इस प्रकार हैं:

## Integrity (ईमानदारी)

सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ हर परिस्थिति में सही कार्य करना.

## Respect (सम्मान)

हर व्यक्ति की गरिमा और विचारों को महत्व देना, विविधता को अपनाना.

## Accountability (जवाबदेही)

अपने काम, निर्णय और परिणाम के प्रति उत्तरदायी रहना.

## Commitment

मिशन, लक्ष्य और समुदाय के प्रति निष्ठा और समर्पण बनाए रखना.

## Innovation (नवाचार)

नई सोच, रचनात्मक समाधान और सीखने की भावना के साथ बदलाव को अपनाना.

## Collaboration (सहयोग)

टीम भावना के साथ मिलकर काम करना, एक-दूसरे की ताकत को पहचानना और उसका सही उपयोग करना.

## Teamwork (टीम वर्क)

एक-दूसरे की ताकत को पहचानते हुए, सहयोग से लक्ष्य को हासिल करना.

## Service (सेवा भाव)

जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करना.

Samarpan

# Organizational Culture

हमारी संस्कृति आपसी सम्मान, पारदर्शिता और सामूहिक विकास पर आधारित है. हम मानते हैं कि हर व्यक्ति की भागीदारी और आवाज़ मायने रखती है, और यही हमें एक परिवार की तरह जोड़ती है. यहाँ हर सदस्य को सीखने, नवाचार करने और अपने विचार साझा करने की स्वतंत्रता है. हम विविधता को अपनाते हैं और उसे अपनी ताकत मानते हैं, ताकि हर परिस्थिति में सकारात्मक बदलाव ला सकें. हमारा कार्य वातावरण भरोसे, सहयोग और जवाबदेही पर टिका है, जहाँ टीम वर्क के माध्यम से हम अपने मिशन को पूरा करते हैं और समाज में स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं.

## Behaviors we value (हम जिन व्यवहारों को महत्व देते हैं)



हम मानते हैं कि अच्छे व्यवहार ही मजबूत संगठन और सकारात्मक कार्य वातावरण की नींव हैं. हमारे लिए केवल परिणाम नहीं, बल्कि उस परिणाम तक पहुँचने का तरीका भी उतना ही महत्वपूर्ण है. हम उन व्यवहारों को महत्व देते हैं जो विश्वास, सम्मान और टीम भावना को बढ़ावा दें, और जो हमारे मिशन और मूल्यों को रोज़मर्रा के काम में जीवंत करें.

**मुख्य व्यवहार जो हम सराहते हैं**

- **सम्मानजनक संवाद:** हर बातचीत में विनम्रता, धैर्य और सुनने की आदत.
- **सक्रिय सहयोग:** टीम के सदस्यों की मदद करना और जिम्मेदारियों को साझा करना.
- **ईमानदारी और पारदर्शिता:** सच बोलना, खुलेपन से विचार रखना और ग़लतियों को स्वीकारना.
- **जवाबदेही:** अपने कार्य और परिणाम की जिम्मेदारी लेना.
- **समाधान-केन्द्रित सोच:** चुनौतियों में अवसर तलाशना और रचनात्मक समाधान देना.
- **सीखने और सिखाने की भावना:** नई जानकारी ग्रहण करना और दूसरों के साथ साझा करना.
- **समय का सम्मान:** कार्य और बैठकों में समय की पाबंदी रखना.

Samarpan

# एक समृद्ध सामूहिक चिंतन

(Samarpan की सामूहिक कार्य-शैली)

हम सबने मिलकर अपने छोटे-छोटे कदमों से एक लंबा सफ़र तय किया है और खुशियों और चुनौतियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं. हमारी कोशिश है कि संगठन में और आपसी संबंधों में हमेशा ईमानदार संवाद, बेहतर नेतृत्व, गहरे रिश्ते, तेज़ निर्णय प्रक्रिया, परस्पर प्रेम और पूर्ण जवाबदेही को बढ़ावा मिले -वह भी सहयोग और सामूहिक भावना के साथ तो कुछ भी संभव है.

## Seeing Together (**एक साथ देखना**)

- **साझा उद्देश्य:** हम सभी साथी मिलकर Samarpan के 'क्यों, क्या और कैसे' की व्यापक तस्वीर समझते हैं.
- **तालमेल बनाना:** मीटिंग, कॉल, रिट्रीट आदि के ज़रिए एक जैसी समझ बनाने पर ध्यान.
- **दूर दृष्टि:** दीर्घकालिक स्थिरता की दिशा में बढ़ते हुए जोखिम और चुनौतियों का आकलन.
- **सतत प्रक्रिया:** बदलते परिदृश्य के अनुसार रणनीतियों को अनुकूल बनाना और नए सदस्यों में लक्ष्यों के प्रति स्वामित्व की भावना जगाना.

## Doing Together (**साथ मिलकर काम करना**)

- **स्वामित्व और जवाबदेही:** व्यक्तिगत और सामूहिक भूमिकाओं व प्रतिबद्धताओं को निभाना.
- **जुड़ाव और प्रतिक्रिया:** संगठनात्मक एजेंडे से परे सामूहिक प्राथमिकताओं में योगदान, समय पर प्रतिक्रिया और उपलब्धियों का जश्न.
- **सुशासन और सीखना:** बैठकों में नियमित समीक्षा, सीखने की संस्कृति और प्रक्रियाओं में सुधार.
- **क्षमता निर्माण:** व्यक्तिगत, संगठनात्मक और सामूहिक कौशलों को विकसित और मजबूत करना.

## Being Together (**हमारा सामूहिक अस्तित्व**)

- **साझा नेतृत्व:** सर्वसम्मति से निर्णय, ज़िम्मेदारियों का संतुलित वितरण और विशेषज्ञता का साझा उपयोग.
- **संघर्ष समाधान:** असहमति को स्वस्थ तरीकों से सुलझाना और सहयोग को गहरा करना.
- **संबंध संस्कृति:** औपचारिकताओं से आगे बढ़कर मैत्रीपूर्ण और भरोसेमंद रिश्ते बनाना.
- **मूल्यों को जीना:** संगठन के मूल्यों को अपनाना, उनका उत्सव मनाना और उल्लंघन होने पर स्पष्ट रूप से सामने लाना.

Samarpan

# Employee Rights & Responsibilities

हम मानते हैं कि संस्था में कार्य कर रहे हर साथी को अपने कार्यस्थल पर सम्मान, सुरक्षा और विकास के अवसर मिलना चाहिए. हमारे संगठन की ताकत हमारे लोग हैं, और इसलिए हम उनके अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ उनकी जिम्मेदारियों को भी समान रूप से महत्व देते हैं.

## Rights

- सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-रहित कार्य वातावरण.
- संगठन की नीतियों और निर्णय-प्रक्रियाओं में पारदर्शिता.
- व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के अवसर.
- उचित मानदेय एवं लाभ.
- अपनी राय, सुझाव और चिंताओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अधिकार.
- शिकायतों के समाधान के लिए निष्पक्ष प्रक्रिया.

## Responsibilities

- संगठन के मूल्यों और नीतियों का पालन करना.
- अपने कार्य में सत्यनिष्ठा, मेहनत और गुणवत्ता बनाए रखना.
- समय की पाबंदी और कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण.
- सहयोगियों के प्रति सम्मानजनक और सहायक व्यवहार.
- गोपनीय जानकारी की सुरक्षा.
- संगठन की प्रतिष्ठा और मिशन को बनाए रखना.



Samarpan

# Working Hours & Attendance

हम मानते हैं कि समय की पाबंदी और नियमित उपस्थिति एक सकारात्मक और प्रभावी कार्य वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाती है. यह न केवल संगठन के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करता है, बल्कि टीम के बीच तालमेल और भरोसा भी बढ़ाता है.

## कार्य समय (Working Hours)

- नियमित कार्य समय: सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
- लंच ब्रेक: 1:30 बजे से 2:00 बजे तक
- आवश्यकता पड़ने पर, प्रोजेक्ट की ज़रूरत के अनुसार कार्य समय में लचीलापन दिया जा सकता है, जिसकी पूर्व-स्वीकृति आवश्यक है.

## उपस्थिति (Attendance)

- सभी साथियों को निर्धारित समय पर उपस्थिति दर्ज करनी होगी.
- देर से आने, जल्दी जाने या अनुपस्थिति की स्थिति में तुरंत अपने पर्यवेक्षक को सूचित करना अनिवार्य है.
- बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थिति से वेतन या अवकाश कट सकता है (नीति अनुसार).

## हमारी अपेक्षाएं

- समय की पाबंदी और नियमित उपस्थिति को प्राथमिकता दें.
- कार्य समय के दौरान अधिकतम, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य वातावरण को बनाए रखें.
- अनुपस्थिति की स्थिति में टीम को पूर्व सूचना दें, ताकि काम पर असर न पड़े.

Samarpan

# Remuneration, Benefits & Facilities

## Overview of Remuneration

- प्रत्येक पद के लिए वेतन संरचना पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी है.
- समय पर मासिक वेतन का भुगतान.
- प्रदर्शन और संगठन की नीतियों के आधार पर वेतन वृद्धि और पदोन्नति.

## Benefits

- वार्षिक अवकाश, आकस्मिक अवकाश और बीमारी अवकाश.
- मातृत्व और पितृत्व अवकाश (नीति अनुसार).
- आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण और क्षमता-विकास कार्यक्रम.
- कार्य से संबंधित यात्रा भत्ता (यदि लागू हो).
- EPF (कर्मचारी भविष्य निधि) सुविधा.
- ESIC (कर्मचारी राज्य बीमा योजना) पात्र कर्मचारियों के लिए.
- समूह बीमा / स्वास्थ्य बीमा योजना (नीति अनुसार)

## Facilities

- सुरक्षित और सहयोगपूर्ण कार्य वातावरण.
- पीने का स्वच्छ पानी और साफ-सुथरा परिसर.
- आवश्यक तकनीकी और संसाधन समर्थन (जैसे लैपटॉप, इंटरनेट आदि, नीति अनुसार).
- संगठनात्मक कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और उत्सवों में भागीदारी का अवसर.

Samarpan

# Meet The team

हम सभी एक परिवार की तरह काम करते हैं-सहयोग, पारदर्शिता और सकारात्मक सोच के साथ. हमारी टीम में हर साथी की एक अनोखी भूमिका है, और हम मानते हैं कि हर योगदान, चाहे छोटा हो या बड़ा, हमारे लक्ष्यों तक पहुँचने में अहम है. आईये, हम अपने साथियों से मिलते हैं:



## अलोक कुमार सिन्हा

**Consultant - Capacity Building and Resource Mobilization**

ग्रामीण प्रबंधन में स्केनातकोत्तर की शिक्षा. विकास क्षेत्र में समृद्ध अनुभव है. इन्होंने 'प्रदान' और 'दृष्टि' जैसी संस्थाओं के साथ भी कार्य किया है. ये फ़िलहाल 'समर्पण' में महिलाओं और बच्चों की शिक्षा, लैंगिक समानता, सतत आजीविका, ग्राम स्वशासन एवं कृषि से जुड़ी परियोजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ संस्था के लिए संसाधन जुटाने का भी कार्य कर रहे हैं.



## शंकरलाल राणा

**Strategic Support Officer- Program Quality & Resources**

MSW और डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (M.R) करने के उपरांत सोशल सेक्टर में पिछले 10 वर्षों से सक्रिय. विभिन्न सामाजिक विषयों पर प्रशिक्षण देने का व्यापक अनुभव. वे मेहनती, संवेदनशील और व्यवहारिक दृष्टिकोण वाले व्यक्ति हैं, जो काम को गंभीरता से लेते हैं और स्थानीय मुद्दों को व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने की क्षमता रखते हैं.



## Poonam Sahu

**Superintendent**

पिछले करीब 18 वर्षों से कोडरमा के माइका माइंस प्रभावित गांवों में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और आजीविका संवर्धन पर काम कर रही हैं. M.A. तक की पढ़ाई पूरी की और 'प्रदान' संस्था के साथ 10 वर्ष तक महिला समूह निर्माण व प्रशिक्षण कार्य किया. वर्तमान में 'समर्पण' के साथ बच्चों, महिलाओं, किशोरियों और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए सक्रिय हैं. साथ ही, CCI में अधीक्षक पद पर हैं. वे

वे संस्था के प्रति समर्पित हैं, सेवा भाव और स्नेह उनका स्वभाव है. ऑफिस को मंदिर मानना और हँसते–मुस्कुराते माहौल में काम करना उनकी खासियत है.

Samarpan

# Meet The team



## नवीन कुमार

**Project Facilitator**

झुमरी तिलैया निवासी नवीन ने M.A. (Rural Development) और PGDCA करने के बाद समुदाय सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त किया. उनकी जिम्मेदारियों में टीम समन्वय, कार्ययोजना, प्रगति की निगरानी और चुनौतियों का समाधान शामिल है.

सीखने की ललक और नई परिस्थितियों में खुद को ढालने की क्षमता उनकी पहचान है. निजी जीवन में उन्हें क्रिकेट, इंटरनेट सर्फिंग और प्रेरणादायक ऑडियोबुक सुनना पसंद है. धैर्य, समर्पण और नवाचार के साथ वे संगठन व समुदाय के बीच सार्थक योगदान दे रहे हैं.



## सचिन कुमार

**Block coordinator**

MARD की शिक्षा प्राप्त, स्थानीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में सक्रिय हैं. पंचायत स्तर पर भागीदारी बढ़ाने, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यरत हैं तथा 'समर्पण' के साथ सामुदायिक नेतृत्व विकास में योगदान दे रहे हैं. निजी जीवन में वे सरल, मिलनसार और संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हैं। सीखने की ललक, टीमवर्क और सकारात्मक दृष्टिकोण उनकी खास पहचान है.



## रितेश कुमार सिंह

**Project coordinator**

B.Com के बाद वर्तमान में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के रूप में कार्यरत हैं. चतरा निवासी होते हुए भी चंदौली ज़िले में वेलस्पून फ़ाउंडेशन समर्थित परियोजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. निजी जीवन में वे अनुशासित, मेहनती और सकारात्मक सोच रखने वाले हैं. टीमवर्क और समर्पण उनकी सबसे बड़ी ताक़त है.

Samarpan

# Meet The team



## मुकेश कुमार यादव

**Finance Manager**

M.Com, पिछले 11 वर्षों से 'समर्पण' में फ़ाइनेंस मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं. वित्तीय प्रबंधन, लेखा प्रणाली और ऑडिट समन्वयन में दक्ष, वे संगठन की वित्तीय पारदर्शिता और संसाधनों के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करते हैं. अपनी ईमानदारी, अनुशासन और सरल स्वभाव के कारण वे टीम के बीच विश्वास और सहयोग की भावना बनाए रखते हैं. पारिवारिक जीवन में जिम्मेदार और संवेदनशील, साथ ही सामाजिक मुद्दों में गहरी रुचि रखते हैं. अपने खाली समय में बच्चों के साथ समय बिताना उन्हें ऊर्जा और प्रेरणा देता है.



## प्रकाश कुमार

**Accountant**

लेखा प्रबंधन, बिलिंग और वित्तीय रिपोर्ट तैयार करने में दक्ष, वे संगठन की वित्तीय प्रक्रियाओं को समयबद्ध और सटीक बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं. जिम्मेदारी और लगन उनकी कार्यशैली की पहचान है. अपने शांत और सहयोगी स्वभाव के कारण टीम के बीच सहज माहौल बनाए रखते हैं. पारिवारिक जीवन में सादगीप्रिय और अनुशासित, वे सामाजिक मुद्दों और सामुदायिक कार्यों में भी रुचि रखते हैं.



## विमला देवी

**Panchayat Facilitator**

ग्राम सभा में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने, उन्हें निर्णय-प्रक्रिया में शामिल करने और स्थानीय शासन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं.

सरल और संवादशील स्वभाव के कारण समुदाय में उनकी विशेष पहचान बनी है. वे सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित हैं और हर कार्य में जिम्मेदारी व लगन से जुड़ती हैं.

Samarpan

# Meet The team



## राजेश कुमार

**Community Facilitator cum Health Trainer**

वर्तमान में कम्युनिटी एम्पावरमेंट प्रोजेक्ट में कम्युनिटी फ़ैसिलिटेटर-कम हेल्थ ट्रेनर के पद पर कार्यरत हैं. वे समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने और लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. सहज और सहयोगी स्वभाव के कारण समुदाय उन्हें भरोसेमंद मार्गदर्शक मानता है.



## मंगल देव रजक

**Panchayat Facilitator**

स्थानीय स्वशासन परियोजना को गति देते हुए ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने, समुदाय की भागीदारी बढ़ाने और पारदर्शी निर्णय-प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. सरल स्वभाव, सकारात्मक दृष्टिकोण और समुदाय से सहज संवाद की क्षमता उनकी विशेष पहचान है. सामाजिक न्याय और समानता के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता उन्हें गांव के लोगों के बीच प्रिय बनाती है.



## पिंकी देवी

**Panchayat Facilitator**

पिछले 20 वर्षों से सामाजिक विकास के क्षेत्र में सक्रिय, विशेष रूप से महिला एवं जेंडर से जुड़े मुद्दों पर प्रशिक्षण देने में अनुभवी हैं. वर्तमान में स्थानीय स्वशासन परियोजना में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के कार्य में जुटी हैं. मिलनसार स्वभाव, धैर्य और संवाद कौशल उनकी पहचान है.

वे समुदाय में विश्वास का वातावरण बनाती हैं और हर वर्ग की आवाज़ को सामने लाने की उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक प्रेरणादायी कार्यकर्ता बनाती है.

Samarpan

# Meet The team



## वीणा राज

**Panchayat Facilitator**

ग्राम सभा में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने, उन्हें निर्णय-प्रक्रिया में शामिल करने और स्थानीय शासन को सशक्त बनाने में योगदान दे रही हैं. सरल स्वभाव, सकारात्मक सोच और सहयोगी दृष्टिकोण उनकी ताक़त है. वे धैर्यपूर्वक समुदाय की समस्याएँ सुनती हैं और समाधान के लिए सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करती हैं.



## योगेश कुमार

**MIS Coordinator**

सभी प्रकार के डेटा संकलन, विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने के साथ-साथ प्रोजेक्ट की प्रगति की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वे तकनीकी दक्षता के साथ-साथ बारीक़ियों पर विशेष ध्यान देने वाले कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं. सतर्क, अनुशासित और परिणामोन्मुखी स्वभाव के कारण वे टीम में विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाते हैं. नई तकनीक सीखने की ललक और समस्याओं को सुलझाने की उनकी क्षमता संगठन के लिए एक मज़बूत आधार है.



## रजनी राणा

**CRP/Artist**

स्थानीय स्वशासन परियोजना में समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभा की क्षमता बढ़ाने और महिलाओं व युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में योगदान दे रही हैं. साथ ही, एक प्रतिभाशाली महिला कलाकार के रूप में भी उभर रही हैं. वे अपनी कला के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और समुदाय से गहरा जुड़ाव बनाने का कार्य कर रही हैं.

Samarpan

# Meet The team



## अभिषेक कुमार

**CWO, CCI**

बाल संरक्षण, बच्चों के अधिकारों की रक्षा और संस्थागत देखभाल में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं. वे संवेदनशील, धैर्यवान और जिम्मेदार स्वभाव के व्यक्ति हैं, जो हमेशा बच्चों के हितों को सर्वोपरि रखते हैं। टीमवर्क में विश्वास रखते हुए बच्चों के लिए सुरक्षित, स्नेहमयी और सकारात्मक वातावरण बनाने के प्रति समर्पित हैं।



## खुशबू साहू

**Counsellor**

CCI में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक समर्थन और पुनर्वास प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार काउंसलिंग सेवाएं दे रही हैं. वे मितभाषी स्वभाव की हैं, सीखने की ललक रखती हैं और कार्य की जवाबदेही को गंभीरता से लेती हैं. समयबद्धता उनका विशेष गुण है, जिससे वे अपने कार्यों को पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ पूरा करती हैं.



## निलेश कुमार

**Education' Coordinator**

कम्युनिटी एम्पावरमेंट प्रोजेक्ट में वे स्कूल प्रबंधन समितियों और बाल मंचों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करते हैं, साथ ही समुदाय में शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने में योगदान देते हैं. वे व्यवहार में सौम्य, मिलनसार और जिम्मेदार हैं. सीखने की लगन और कार्य के प्रति निष्ठा उन्हें टीम का भरोसेमंद सदस्य बनाती है.

Samarpan

# Meet The team



## मंटू कुमार तुरी

**Panchayat Facilitator-cum-Cultural Coordinator**

स्थानीय स्वशासन परियोजना में सक्रिय भूमिका के साथ-साथ वे एक अनुभवी रंगकर्मी हैं. वे लंबे समय से नुक्कड़ नाटक और गीत के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और समुदाय को संगठित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. वे सरल, मिलनसार और उत्साही स्वभाव के धनी हैं. कठिन परिस्थितियों में भी हौसला बनाए रखते हैं और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से टीम व समुदाय को प्रेरित करते हैं.



## मेरियन सोरेन

**Community Facilitator-cum-trainer**

सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना में कार्यरत हैं. वे महिलाओं के आजीविका संवर्धन, उन्हें संवैधानिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ घरेलू हिंसा और जेंडर विषमता जैसे मुद्दों पर प्रशिक्षण देने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं..उनका स्वभाव सहज और सहयोगी है. वे धैर्यपूर्वक लोगों की समस्याएँ सुनती हैं और व्यावहारिक समाधान सुझाने में माहिर हैं. संस्था और समुदाय के बीच उनकी पहचान एक संवेदनशील, भरोसेमंद और संरक्षक-भाव रखने वाली कार्यकर्ता के रूप में है.



## नमिता कुमारी

**Panchayat Facilitator**

समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभा की क्षमता बढ़ाने और महिलाओं व युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में योगदान दे रही हैं. उनके व्यक्तित्व में अपनापन, मधुरता और सभी को अपना समझकर कार्य करने का भाव झलकता है. उनमें त्याग, श्रद्धा, प्यार और स्नेह की विशेषताएँ स्पष्ट दिखती हैं. बोली में मिठास और कार्य के प्रति जिम्मेदारी उनकी सबसे बड़ी ताकत है.

उनकी मुस्कराहट लोगों के मन को प्रसन्न करती है और थकान को कम कर देती है. समुदाय उन्हें एक संवेदनशील और भरोसेमंद सहयोगी के रूप में मानता है.

Samarpan

# Meet The team



## जीतेन्द्र कुमार सिंह

**Panchayat Facilitator**

समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभा की क्षमता बढ़ाने और महिलाओं व युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में योगदान दे रहे हैं. उनमें गहरी सेवा-भावना है और वे संस्था को अपना परिवार मानकर कार्य करते हैं. उनकी प्रबंधन क्षमता, जिम्मेदारी निभाने का जज़्बा और सकारात्मक दृष्टिकोण उन्हें टीम का भरोसेमंद सहयोगी बनाता है. उनका शांत स्वभाव और सहयोगी व्यवहार टीम को जोड़कर रखने और कार्यस्थल पर सौहार्द्र का वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.



## लवली कुमारी


**Educator/Youth leader**

'समर्पण' में एजुकेटर के रूप में कार्यरत हैं. वे माइका-माइंस क्षेत्र के स्कूल से बाहर हो चुके (ड्रॉपआउट) बच्चों को पढ़ाने और उन्हें पुनः स्कूल से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं.

बच्चों के प्रति उनका स्नेह, धैर्य और अपनापन उन्हें बच्चों का प्रिय बनाता है. उनकी मधुर वाणी और सहज स्वभाव बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करता है, जबकि काम के प्रति उनकी जिम्मेदारी और लगन समुदाय में विश्वास का वातावरण निर्मित करती है. वे झारखंड यूथ नेटवर्क से भी जुड़ी हुई हैं और गांवों में पर्यावरण संरक्षण, बाल विवाह और बाल मजदूरी जैसे मुद्दों पर बैठकों, रैलियों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जागरूकता फैलाती हैं. पहले वे लोगों के सामने बोल नहीं पाती थीं, लेकिन अब उनमें गहरा आत्मविश्वास विकसित हुआ है और वे इन विषयों पर प्रभावशाली ढंग से संवाद करती हैं.

Samarpan

# Meet The team



## ज्योति देवी

**क्रेच सहयोगी**

माइका माइंस क्षेत्र में संचालित क्रेच के बच्चों की दैनिक देखभाल, पोषण, शिक्षा और खेल-कूद जैसी गतिविधियों का संचालन करती हैं. छोटे बच्चों को प्रेम, धैर्य और स्नेह के साथ संभालते हुए वे उन्हें सुरक्षित, स्नेहमय और सीखने योग्य वातावरण उपलब्ध कराती हैं. वे हर बच्चे को अपना मानकर उसकी देखभाल करती हैं.



## कल्पना कुमारी

**Educator/Youth leader**

'समर्पण' में एजुकेटर के रूप में कार्यरत हैं. वे माइका माइंस क्षेत्र के स्कूल से बाहर हो चुके (ड्रॉपआउट) बच्चों को पढ़ाने और उन्हें पुनः स्कूल से जोड़ने के कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं. वे बच्चों के साथ केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और अनुशासन से जोड़ने का कार्य भी करती हैं. उनकी मधुर वाणी, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के कारण बच्चे और समुदाय दोनों ही उन पर विश्वास करते हैं.

ये भी झारखंड यूथ नेटवर्क से जुड़ी हुई हैं और गांवों में बाल विवाह, बाल मजदूरी और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर रैली, बैठक और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता फैलाती है. पहले वे भी मंच पर बोलने से हिचकिचाती थीं, लेकिन आज वे आत्मविश्वास के साथ इन मुद्दों पर खुलकर संवाद करती हैं और लोगों को प्रेरित करती हैं.

उनका सपना है कि हर बच्चा शिक्षा से जुड़े और समाज इन कुरीतियों से मुक्त होकर एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़े.

Samarpan

# Meet The team

## Dilip Kumar Sahu

**Art & Music Teacher**



CCI में बच्चों को चित्रकला, हस्तशिल्प और संगीत की शिक्षा देकर उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और भावनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित कर रहे हैं. उनका स्वभाव धैर्यवान, सहयोगी और प्रेरणादायक है. वे बच्चों को उनके छिपे हुए हुनर को खोजने और उसे मंच तक पहुँचाने में मदद करते हैं. उनका मानना है कि कला और संगीत बच्चों के जीवन में संतुलन, आनंद और आत्मविश्वास लाने का सबसे सुंदर माध्यम है.

## Priti Kumari

**House Mother**



समर्पण CCI में आने वाले सभी  बच्चों की दैनिक देखभाल, पोषण और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करते हुए उनके समग्र विकास में मातृत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. मातृत्वपूर्ण स्नेह और धैर्य के साथ उनका ध्यान बच्चों के समग्र विकास पर रहता है. वे बच्चों को अपना परिवार समझकर उनकी जरूरतों को पूरा करती हैं.

## Mainanti Devi

**House Mother**




समर्पण-CCI में वे बच्चों की दैनिक देखभाल, पोषण और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करती हैं. वे मातृत्वपूर्ण स्नेह और अपनापन के साथ बच्चों को परिवार जैसा माहौल देती हैं और उनके समग्र विकास में निरंतर योगदान दे रहीं हैं.
उनका स्वभाव हंसमुख और सहयोगात्मक है. दर्द रहने के बावजूद वे अपना दु:ख छुपाकर दूसरों के दर्द को हरने का प्रयास करती हैं. वे मल्टी-पर्पस भूमिकाओं में योगदान देती हैं और परिस्थितियों के संघर्षों से कभी हार नहीं मानतीं.

वास्तव में, वे ‘अपराजिता’ का दूसरा नाम हैं, जिनका जीवन सेवा-भाव, संघर्ष और समर्पण का उदाहरण है.

Samarpan


# Meet The team



## Sangita Kumari

**Cook**

समर्पण-CCI में वे बच्चों के लिए पौष्टिक और संतुलित भोजन तैयार करती हैं, स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता बनाए रखते हुए उनके स्वास्थ्य और विकास में योगदान दे रही है. उनका स्वभाव हंसमुख, सरल और सहयोगी है. वे बच्चों के प्रति मातृत्वपूर्ण अपनापन रखती हैं और हर कार्य को जिम्मेदारी व समय की पाबंदी से करती हैं. अपने व्यवहार से वे आसपास एक सकारात्मक और स्नेहमयी वातावरण बना देती हैं.



## Suchitra Kumari

**Paramedical Staff-Samarpan CCI**

बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच, प्राथमिक उपचार और चिकित्सकीय देखभाल सुनिश्चित करते हुए उनके स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण में योगदान दे रही है. वे अपने कार्य में गंभीर, सतर्क और जिम्मेदार हैं. उनका स्वभाव मृदुभाषी और संवेदनशील है, जिससे बच्चे उनके साथ सहज महसूस करते हैं. साथ ही, डांस करना उनका सगल है. वे अपने चिंता और फ़िक्र को नृत्य के माध्यम से दूर कर लेती हैं, और इस कला से स्वयं को ऊर्जावान व प्रसन्न बनाए रखती हैं. यही उत्साह उन्हें बच्चों एवं साथियों के साथ और अधिक जुड़ने और सकारात्मक ऊर्जा फैलाने में मदद करता है.



## Niraj Kumar

**Guard, Samarpan CCI**

वे परिसर की सुरक्षा, बच्चों और स्टाफ की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने तथा अनुशासित और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वे जिम्मेदार, सजग और अनुशासनप्रिय व्यक्ति हैं. वे अपने कर्तव्यों को गंभीरता और ईमानदारी से निभाते हैं.

उनका स्वभाव सहयोगात्मक और मददगार है, जिसके कारण बच्चे और स्टाफ उनके साथ सहज महसूस करते हैं. वे हमेशा चौकन्ने रहते हैं.

Samarpan

# Meet The team



## Mukesh Kumar

**Night Guard, Samarpan CCI**

वे नाइट गार्ड के रूप में कार्यरत हैं. वे रात के समय परिसर की सुरक्षा, निगरानी और बच्चों की सुरक्षित देखभाल सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वे सतर्क, जिम्मेदार और अनुशासनप्रिय व्यक्ति हैं. उनकी चौकसी और समयबद्धता के कारण बच्चे और स्टाफ रात में सुरक्षित महसूस करते हैं. साथ ही, वे स्वभाव से मजाकिया और मिलनसार हैं, जिससे बच्चों और सहकर्मियों के बीच खुशनुमा माहौल बना रहता है.



## Sangita Devi

**CRP**

स्थानीय स्वशासन परियोजना में समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभा की क्षमता बढ़ाने और महिलाओं व युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में योगदान दे रही हैं. उनका स्वभाव मधुर और अपनापन भरा है. अपनी जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाते हुए, वे हमेशा समय पर और प्रभावी ढंग से कार्य पूरा करती हैं.



## Gudiya Devi

**CRP**

सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना में CRP के पद पर कार्यरत हैं. वे गांवों में विभिन्न बैठकें आयोजित करती हैं और बाल मंच से लेकर गांव व पंचायत स्तर के हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभाती हैं. उनका स्वभाव सरल, मिलनसार और समर्पित है. वे संवाद स्थापित करने और समुदाय को संगठित करने में दक्ष हैं. उनमें धैर्य, जिम्मेदारी और सहयोगी दृष्टिकोण स्पष्ट झलकता है.

Samarpan

# Meet The team



## Rinki Devi

**CRP**

सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना में वे आजीविका संवर्धन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के साथ-साथ वंचित समुदायों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं. वे समुदाय की समस्याओं को अपना समझकर समाधान खोजने की कोशिश करती हैं. उनमें नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता है, जिसके कारण महिलाएँ और युवा उनसे सहज रूप से जुड़ जाते हैं.



## Basanti Devi

**CRP**

वे सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना में ग्राम सभाओं को सक्रिय बनाने, महिला एवं युवा समूहों को संगठित करने और स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिए पहल करने में योगदान दे रही हैं. वे समुदाय की समस्याओं को गंभीरता से सुनती हैं और समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल करती हैं. उनमें नेतृत्व क्षमता, सेवा भाव और सहयोग की भावना झलकती है.



## Aaryan Kumar

**CRP**

गांवों में विभिन्न बैठकों का आयोजन कर समुदाय को अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के लिए जागरूक करने के दिशा में प्रयासरत. बाल मंच से लेकर गांव व पंचायत स्तर के हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. युवा नेतृत्व की अच्छी समझ है. उनमें युवा नेतृत्व की गहरी समझ है. वे हमेशा नवाचार, सीखने की ललक और बदलाव की जिज्ञासा को अपनाते हैं तथा समुदाय को सशक्त बनाने की राह में लगातार सक्रिय रहते हैं.

भविष्य में, वे एक ऊर्जावान, जिम्मेदार और सकारात्मक सोच वाले उभरते युवा सामाजिक नेता और प्रेरणास्रोत के रूप में देखे जा सकते हैं.

Samarpan


# Meet The team



## Jay Lalita Kumari

**CRP cum Artist**

स्थानीय स्वशासन परियोजना में समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभा की क्षमता बढ़ाने और महिलाओं व युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में योगदान दे रही हैं और एक अच्छे कलाकार के रूप में भी देखा जा रहा है. कला और सामाजिक सरोकार का अद्भुत संगम उनके व्यक्तित्व में झलकता है.



## Asha Devi

**CRP**

स्थानीय स्वशासन परियोजना में समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभा की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ गांव स्तर पर संचालित क्रेचेस एवं रेमेडिअल क्लास के बेहतर सञ्चालन में मदद कर रही हैं. बच्चों और समुदाय के प्रति उनमें विशेष लगाव और संवेदनशीलता है,



## Suraj Kumar Ujala

**CRP**

वे समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभा की क्षमता बढ़ाने और महिलाओं व युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने में सक्रिय हैं. जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए पिछले 30 वर्षों से संघर्षरत, उन्होंने अपना जीवन समाज और भारत माता को समर्पित किया है। वे लगभग 25 वर्षों से अखंड दीप जलाए हुए हैं, जिसे कभी बुझने नहीं दिया.



## Pooja Kumari

**CRP**

स्थानीय स्वशासन परियोजना में समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभा की क्षमता बढ़ाने और महिलाओं व युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में योगदान दे रही हैं. उनका स्वभाव मिलनसार, जिम्मेदार और सहयोगी है.

Samarpan

# Meet The team



## Sunita

**ORW**

मुगलसराय में संचालित परियोजना में ORW पद पर कार्यरत हैं. वे महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन, शिक्षा तथा ECCE को सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाती हैं. वे समुदाय से आत्मीयता के साथ जुड़ती हैं. उनके भीतर सेवा भाव और जिम्मेदारी की गहरी समझ है.



## Savita Kumari Chouhan

**ORW**

सामुदायिक जागरूकता और प्रशिक्षण में दक्ष हैं. वे ब्रेस्ट कैंसर, MHM, पोषण, जेंडर आदि विषयों पर BCC सत्र के माध्यम से प्रभावी प्रशिक्षण देती हैं और समुदाय को संगठित करने में निपुण हैं. वे अपने समर्पण, समय की पाबंदी और सहयोगी स्वभाव के कारण समुदाय और संस्था दोनों में विश्वसनीय छवि रखती हैं.



## Pradeep Kumar

**MIS Coordinator at DDU**

मुगलसराय में संचालित परियोजना से संबंधित सभी डेटा का संकलन, विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने के साथ-साथ मॉनिटरिंग और प्रगति मूल्यांकन में सहयोग करते हैं. अपने शांत और विनम्र स्वभाव के कारण वे संस्था और सहकर्मियों के बीच एक भरोसेमंद सहयोगी के रूप में देखे जाते हैं.



## Premlata Chauhan

**ORW**

BCC सत्रों के साथ-साथ सामूहिक जन-जागरूकता, ओपन सेशन, काउंसलिंग, फोकस्ड अवेयरनेस ड्राइव और कन्वर्जेन्स गतिविधियों में माहिर हैं.

वे समुदाय में जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाती हैं. उनके व्यक्तित्व में मधुर व्यवहार, धैर्य और सेवा भाव झलकता है.

Samarpan

# Meet The team



## Reeta Devi

**ORW**

जेंडर, पोषण एवं एनीमिया, MHM, RTI/STI और कैंसर जैसे 6 प्रमुख विषयों पर BCC सत्रों के संचालन में दक्ष हैं. वे मेगा इंटरैक्टिव मीटिंग आदि के माध्यम से समुदाय में जागरूकता फैलाने और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करने में सक्रिय हैं. वे समुदाय से सरल और सहज भाषा में जुड़ती हैं, जिससे लोगों में विश्वास और अपनापन पैदा होता है.



## Rohita Kumari

**Yoga Teacher, Samarpan CCI**

वे बच्चों को योगाभ्यास, ध्यान और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अभ्यास सिखाकर उनके समग्र विकास और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करती हैं. उनका मानना है कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन का भी साधन है.



## Sushma Sahu

**Cook, Samarpan CCI**

वे बच्चों के लिए पौष्टिक और संतुलित भोजन तैयार करती हैं, स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता बनाए रखते हुए उनके स्वास्थ्य और विकास में योगदान दे रही है. उनकी उनकी मधुर बोली, अपनापन का भाव, लगन और समर्पण से बच्चों और सहकर्मियों में स्वस्थ और खुशनुमा वातावरण सशक्त होता है.



## Renu Devi

**Office Assistance at CCI**

ऑफिस असिस्टेंट के रूप में कार्यरत हैं. वे कार्यालय के दैनिक कार्यों, दस्तावेज़ प्रबंधन, रिकार्ड संधारण और टीम को आवश्यक प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं. वे हर कार्य को ईमानदारी और समयबद्धता से करती हैं.

Samarpan

# Meet The team



## Kisan Kumar

**CRP**

शिक्षा पूरी करते हुए ही वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय हो गए. उनकी विशेष रुचि गांव के जंगलों को संरक्षित करने और विभिन्न मुद्दों पर जन-अवेदन तैयार कर संबंधित विभाग को प्रस्तुत करने में है. उनमें प्रकृति के प्रति गहरा लगाव, सामुदायिक न्याय की भावना और सेवा भाव है.



## Bharti Kumari

**Educator at CCI**

B.Sc. की शिक्षा प्राप्त, वे डिज़ाइन और पेंटिंग में विशेष दक्षता रखती हैं तथा बच्चों की रचनात्मकता और सीखने की प्रक्रिया को समृद्ध बनाने में योगदान देती हैं. उनकी मधुरता और अपनापन भरा व्यवहार कार्यालय के वातावरण को सहज और सौहार्दपूर्ण बनाए रखता है.



## Gyanchand Sahu

**Accountant at CCI**

वे वित्तीय अभिलेखों का संधारण, बिलिंग और लेखा-जोखा संभालने के साथ-साथ स्टोर प्रबंधन और आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने में योगदान देते हैं. उनका स्वभाव सरल, समर्पित और संघर्षशील है. वे अपने काम में लगन और ईमानदारी के लिए पहचाने जाते हैं.



## आरती कुमारी

**ORW**

मुगलसराय में संचालित परियोजना में ORW पद पर कार्यरत हैं. वे समुदाय में पहुंच बनाकर महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका से जुड़ी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में सक्रिय हैं. वे न केवल अपने काम को गंभीरता से निभाती हैं, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर सहकर्मियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं.

Samarpan

# Meet The team

## कलवा देवी (क्रेच सहयोगी)



पति और बेटे के असमय निधन ने इनके जीवन को कठिनाइयों से भर दिया. परिस्थितियों ने उन्हें बेहद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजरने पर मजबूर किया. ऐसे संघर्षपूर्ण जीवन के बीच, वे संस्था द्वारा संचालित क्रेच में सहयोगी बनीं. आज वे बच्चों की माँ जैसी भूमिका निभा रही हैं. उन्होंने अपने व्यक्तिगत दु:ख को समाज और बच्चों के भविष्य सँवारने की शक्ति में बदल दिया.

## गुडिया देवी (क्रेच सहयोगी)



पहले वे ढिबरा चुनकर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं. आज वे संस्था द्वारा संचालित क्रेच में सहयोगी के रूप में कार्यरत हैं. यहाँ वे गांव के छोटे-छोटे बच्चों की देखभाल, पोषण और शिक्षा में योगदान देकर उन्हें एक सुरक्षित और स्नेहमय माहौल उपलब्ध करा रही हैं. गांव में उनकी मेहनत और समर्पण का भाव की खूब तारीफ़ होती है.

## प्रमिला देवी (क्रेच सहयोगी)



स्वभाव से प्रमिला ममतामयी, हंसमुख और रचनात्मक होने के साथ-साथ वे अपनी पारंपरिक किस्सा-कहानी सुनाने की कला से निपुण हैं. वे बच्चों के बीच एक दादी-नानी जैसी भूमिका निभाती हैं, जिससे बच्चे उनसे जल्दी जुड़ जाते हैं और उनके स्नेह व मार्गदर्शन में सुरक्षित महसूस करते हैं.

## बसंती देवी

**PLA Worker**



वे समुदाय की महिलाओं और समूहों के बीच नियमित बैठकों का संचालन करती हैं और स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका और शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा कर समाधान खोजने में सहयोग करती हैं. इनका स्वभाव मधुर, सहयोगी और जिम्मेदार है.

Samarpan

# Meet the Board of Trustee



## Smt. Meera Kuamri, President

उन्होंने अपनी सामाजिक यात्रा की शुरुआत DLSA में एक PLV के रूप में की, जहाँ उन्होंने पहली बार कोडरमा के ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं को नज़दीक से देखा। इसके बाद से वे दलित एवं वंचित समुदाय की महिलाओं के बीच विधिक जागरूकता अभियानों का नेतृत्व करती रही हैं. उनमें सेवा भाव, संघर्षशीलता और न्यायप्रियता की विशेषताएँ झलकती हैं. वे अपने सहज व्यवहार, अपनत्व और सकारात्मक दृष्टिकोण से समुदाय का विश्वास जीत लेती हैं. वर्तमान में वे समर्पण संस्था की अध्यक्ष के रूप में संगठन की गतिविधियों का सक्रिय मार्गदर्शन करती हैं और समुदाय के विकास, महिलाओं की सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं.



## Mr. Indramani Sahu

**Secretary/CEO**

वे इस संस्था के संस्थापक हैं और सचिव भी. वे पिछले 25 वर्षों से लगातार सरकारी, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा समर्थित विकास परियोजनाओं के प्रबंधन और क्रियान्वयन में अपनी भूमिका निभा रहे हैं.
स्नातक एवं डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन करने के बाद उन्होंने अपनी सामाजिक यात्रा कॉलेज के समय से ही प्रारंभ की, तभी वे विभिन्न जन-आंदोलनों में सक्रिय रूप से जुड़े। इसी सामाजिक चेतना से प्रेरित होकर उन्होंने वर्ष 2006 में समर्पण संस्था की स्थापना की.
वे एक स्वतंत्र पत्रकार भी हैं और उन्हें राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है. उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर कई लेख और पुस्तकें भी लिखी हैं.

श्री साहू का व्यक्तित्व दूरदर्शी नेतृत्व, सामाजिक सरोकारों के प्रति गहरी संवेदनशीलता और वंचित समुदायों के उत्थान के प्रति अटूट समर्पण से परिपूर्ण है. उनकी ईमानदारी, संघर्षशीलता और लेखनी की ताक़त ने झारखंड के जनसरोकारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है.
आज वे समर्पण संस्था को अपने दृढ़ संकल्प और स्पष्ट दृष्टि से निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं और संगठन की टीम तथा समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं.

Samarpan

# Meet the Board of Trustee



## Mr. Raj Kumar Verma

**Treasurer**

श्री वर्मा अपने छात्र जीवन से ही सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं. वर्तमान में वे एक मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे हैं. साथ ही, पिछले 25 वर्षों से वे गिरिडीह और कोडरमा के दूरस्थ क्षेत्रों में सामाजिक सशक्तिकरण के कार्यों में सतत योगदान दे रहे हैं. उनकी कार्यशैली में समुदाय के प्रति समर्पण, जिम्मेदारी और सेवा भाव स्पष्ट झलकता है. वे न केवल संगठन के वित्तीय प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता और अवसर पहुँचाने के लिए प्रयासरत रहते हैं.

श्री वर्मा की सरलता, ईमानदारी और पारदर्शिता उन्हें समुदाय और संगठन – दोनों के लिए एक विश्वसनीय आधार बनाती है.



## Mrs. Suman Kumari

**Member**

वे कोडरमा में अधिवक्ता और कानूनी सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं. वे DLSA की पैनल लॉयर हैं और सक्रिय रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर महिलाओं के समूहों के साथ संवैधानिक अधिकारों पर चर्चा एवं जागरूकता फैलाती हैं. कानूनी सलाह के साथ-साथ वे समुदाय को सामाजिक सशक्तिकरण और स्थानीय शासन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रशिक्षित करती हैं.

उन्होंने अब तक गाँव से जुड़े सैकड़ों मामलों, महिलाओं पर हिंसा और बाल शोषण से जुड़े मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान किया है. वे महिला कोषांग और कई जिला स्तरीय समितियों की सक्रिय सदस्य हैं। उनके व्यक्तित्व में निर्भीकता, सेवा-भाव और न्याय के प्रति गहरी निष्ठा झलकती है. ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के बीच वे विश्वास, सुरक्षा और मार्गदर्शन की मजबूत छवि के रूप में जानी जाती हैं.

Samarpan

# Meet the Board of Trustee



## Mrs. Savitri Devi

**Member**

श्रीमती सावित्री देवी एक गृहणी होते हुए भी एक सफल यूट्यूबर हैं, जिन्हें स्थानीय मुद्दों पर प्रभावी सलाह के लिए जाना जाता है. वंचित समुदायों के सशक्तिकरण के प्रति गहरी रुचि रखते हुए वे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती हैं, कौशल विकास को बढ़ावा देती हैं और महिलाओं व युवाओं के बीच डिजिटल साक्षरता को प्रोत्साहित करती हैं.

हिंदी में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने वाली सावित्री को कविता लेखन का भी विशेष शौक है. वे विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं और असमानता जैसे मुद्दों पर मुखर आवाज़ उठाती हैं. उन्होंने कई बार जिला प्रशासन के साथ मिलकर स्थानीय समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

उनके व्यक्तित्व में सादगी, आत्मविश्वास और मार्गदर्शन की क्षमता झलकती है, जिसके कारण वे समुदाय में प्रेरणा और भरोसे की प्रतीक बन चुकी हैं.





Samarpan

# Thank You

## Contact Information

+91 9934148413

www.samarpanjharkhand.org

samarpanjharkhand@gmail.com

Sundernagar, Koderma,
Pin 825410, Jharkhand